छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा | पंचादश सत्र | अंक-01

<u>रायपुर, गुरुवार, दिनांक 1 दिसम्बर, 2022</u>

(अग्रहायण 10, शक संवत् 1944)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत/राज्यगीत

राष्ट्रगीत "**वन्दे मातरम्**" एवं राज्यगीत "**अरपा पइरी के धार**" का गायन किया गया ।

2. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री मनोज सिंह मण्डावी, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा एवं श्री दीपक पटेल, छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये।

सर्वश्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, नारायण चंदेल, नेता प्रतिपक्ष, टी.एस. सिंहदेव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, कवासी लखमा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, अमरजीत भगत, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री, डॉ.शिवकुमार डहरिया, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, डॉ. विनय जायसवाल, डॉ. रमनसिंह, सर्वश्री अजय चन्द्राकर, केशव प्रसाद चंद्रा, मोहन मरकाम, शैलेष पाण्डेय सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिये संवेदना प्रकट की गई ।

दिवंगतों के सम्मान में विधान सभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11.44 बजे, शुक्रवार, दिनांक 2 दिसम्बर, 2022 (अग्रहायण 11, शक संवत् 1944) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

दिनेश शर्मा

सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा